राजस्थान सरकार
शिक्षा विभाग

# आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान

ब्लॉक–4, शिक्षा संकुल, जे एल एन मार्ग, जयपुर–302015,राजस्थान
वेब साईटः–http:/hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
ई.मेल– hrd.cce@gmail.com फोन नम्बर– 0141– 2705471(o)

क्रमांकः– एफ1( )स्था/आकाशि/24/ 485 दिनांकः– 1-7-24

समस्त
प्राचार्य/कार्यवाहक प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान, जयपुर।

विषयः– प्राचार्य/कार्यवाहक प्राचार्य की वार्षिक वेतन वृद्धि माह जुलाई, 2024 की स्वीकृति एवं ग्रीष्मावकाश सत्र 2023–24 के 92बी के लाभ की स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के अधीन कार्यरत समस्त कार्यवाहक प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि माह जुलाई, 2024 की वार्षिक वेतन वृद्धि की स्वीकृति हेतु संबंधित कार्यवाहक प्राचार्य अपनी मूल सेवा पुस्तिका में नियमानुसार सत्यापन करवाकर ऑफलाईन भिजवाना सुनिश्चत करावे साथ ही उक्त वेतन वृद्धि हेतु संबंधित पत्र एवं अचल सम्पत्ति विवरण (01 जनवरी, 2024 की स्थिति में) ऑनलाईन भी भिजवाना सुनिश्चित करावे।

उक्त क्रमानुसार समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त वेतन वृद्धि हेतु संबंधित पत्र एवं अचल सम्पत्ति विवरण (01 जनवरी, 2024 की स्थिति में) ऑनलाईन भी भिजवाना सुनिश्चित करावे तथा 01 जुलाई, 2024 को अवकाश पर रहने की स्थिति का विवरण भी आवश्यक रूप से प्रेषित करावे। इस क्रम में उक्त कार्यवाही के पश्चात ही वेतन वृद्धि देय होगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त समस्त कार्यवाहक प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि ग्रीष्मावकाश सत्र 2023–24 में अवधि 01.05.2024 से 30.06.2024 तक महाविद्यालय में ठहराव कर निष्पादन किये गये कार्यों का पूर्ण विवरण उपस्थिति पंजिका की प्रति सहित दिनांक 07.07.2024 तक आवश्यक रूप से भिजवाना सुनिश्चित करावे। यह प्रकरण वेतन वृद्धि के प्रकरण से पृथक होने के कारण ई–डाक के माध्यम से भिजवाया जाना सुनिश्चित करावे।

डाक से

केशव शर्मा 01.7.2024
(प्रो. केशव शर्मा)
संयुक्त निदेशक(एच.आर.डी.)
कॉलेज शिक्षा,राजस्थान,जयपुर।

क्रमांकः– एफ1( )स्था/आकाशि/24/ 485 दिनांकः– 1-7-24
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2. रक्षित पत्रावली।

केशव शर्मा 01.7.2024
(प्रो. केशव शर्मा)
संयुक्त निदेशक(एच.आर.डी.)
कॉलेज शिक्षा,राजस्थान,जयपुर।